कोल इंडिया लिमिटेड के अधीन कम्पनियों को हुआ घाटा

2118. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में कोल इंडिया लिमिटेड की किस कंपनी को घाटा हुआ है और उनमें से प्रत्येक कम्पनी को कितना घाटा हुआ है ; और

(ख) इसके अधिकारियों के यात्रा भत्ता, निवास भत्ता, विदेश भ्रमण तथा अतिथि सत्कार पर हुए खर्च का ब्यौरा क्या है और क्या वह खर्च उचित थे ?

ऊर्जा मंत्री (श्री वसंत साठे) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को हुए घाटे का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

वर्ष	घाटे की राशि (करोड़ रुपयों में)	
	ई० को० लि०	भा० को० को० लि०
1982–83*	55.32	3.64
1983–84*	127.88	191.89
1984–85	खाते अभी तैयार नहीं हुए है।	

* कोयला मूल्य विनियमन खाता को/से अंशदान के समायोजन के बाद।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Forest-based industries in Andhra Pradesh

2129. SHRI ADINARAYANA REDDY: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether there is a great scope for the setting up of forest-based industry in many districts in Andhra Pradesh;

(b) if so, the number of forest-based industries set up in Andhra Pradesh so far; and

(c) the number of such industries proposed to be set up during 1985-86 in Andhra Pradesh?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CHEMICALS AND PETRO-CHEMICALS (SHRI R. K. JAICHANDRA SINGH): (a) to (c) The number of forest-based industries set up in the State of Andhra Pradesh is as follows:—

(i) Large/medium sector units—7

(ii) Small units (set up in the last four years—24, 176.

The State Government have indicated that there is no further scope for setting up forest-based industries and no further forest-based industry is being encouraged.

अकलतर सीमेंट फैक्टरी

2130. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1984–85 में भारतीय सीमेंट निगम की अकलतर स्थित फैक्टरी में 3 करोड़ रु० से भी अधिक का घाटा होने के क्या विशेष कारण हैं जब कि इस निगम के नियंत्रण में अन्य सभी फैक्टरियों ने इस अवधि के दौरान लाभ कमाया है ;

(ख) क्या अकलतर स्थित उक्त फैक्टरी के स्टाक में फिलकरो की कमी के कारणों की जांच करने के लिए तकनीकी लेखा परीक्षा की रिपोर्ट अब तक प्राप्त हो गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रसायन तथा पेट्रो-रसायन विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) : (क) 1984–85 के दौरान सीमेंट निगम की अकलतरा सीमेंट फैक्टरी को हुई 3.46